ACTION INDIA
ऊना, 13 अप्रैल 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# 13 से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा बैसाखी मेला : राज कुमार ठाकुर

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** जिला सिरमौर के राजगढ़ का प्रसिद्ध एवं पारंपरिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय श्री शिरगुल देवता बैशाखी मेले का शुभारंभ 13 अप्रैल को 9 बजे श्री शिरगुल देवता की पूजा अर्चना के साथ किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष श्री शिरगुल देवता मेला कमेटी एवं एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर ने बताया कि मेले का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा करेंगे। वह प्रातः 9:30 बजे शिरगुल देवता की पालकी की शोभायात्रा में भाग लेंगे। शोभायात्रा पारंपरिक वाद्य यन्त्रों के साथ मंदिर से राजगढ़ बाजार होते हुए बस अड्डाए खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय व नागरिक अस्पताल



राजगढ़ के साथ होते हुए मेला ग्राउंड तक निकाली जाएगी। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में ×द्धालु व स्थानीय लोग भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि श्री शिरगुल देवता बैसाखी मेले के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह ठाकुर पूर्व न्यायाधीश हि.प्र. उच्च न्यायालय होंगे जबकि विशेष अतिथि विद्या सागर चौहान मै. हिमाचल हाउस व फ ायरवर्कस सोलन होंगे। उन्होंने बताया कि मेले में तीनों दिन सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाएगा। मेले के पहले दिन 13 अप्रैल को प्रातः 11:30 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम सायं 5 बजे से 10 बजे तक होंगी जिसके मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर लायक राम वर्मा और विशेष अतिथि योगेश रोल्टा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर होंगे।

रात्री कार्यक्रम में मुख्य कलाकार सुजाता मजूमदार, गगन, डॉ. मदन झाल्टा व हनी नेगी लोगों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक विभिन्न स्कूलों के स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे तथा सायं 03 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन भी किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम 5 बजे 10 बजे तक होगा जिसके मुख्य अतिथि ललित जैन निदेशक जनगणना, चण्डीगढ़ एवं नागरिक पंजीकरण हिमाचल प्रदेश होंगे और विशेष अतिथि अनिल सिंह प्रबंध निदेशक ईनोवेटिव काला आम्ब, जिला सिरमौर, मुकेश विज मै. हिमाचल हाउस व फ ायरवर्कस सोलन और गौरव महाजन सहायक आयुक्त जिला सिरमौर होगें व सॉस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य कलाकार तन्मय चतुवेर्दी, निकेष वर्मा जोनसारी, एसी भारद्वाज और सुनील मस्ती आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगें।

# श्री साई अस्पताल में 97 वर्षीय बुजुर्ग की हुई सफल हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी

**एसपी जैरथ**

**नाहनः श्री** साईं अस्पताल, नाहन ने 97 वर्षीय बुजुर्ग के टोटल हिप रिप्लेसमेंट का सफ लतापूर्वक ऑपरेशन किया है। इस सफ लतापूर्वक सर्जरी ने रोगी के जीवन को नई राह दिखाई है। नाहन निवासी 97 वर्षीय भूपेंद्र के परिजन करण ने बताया की घर पर फि सलने के कारण हिप बोन में फ्रै क्चर हो गया था जिस कारण उन्हें बहुत दर्द हो रहा था और बुजुर्ग चलने और उठने बैठने में दिक्कत महसूस कर रहे थे। डॉक्टर ने उनकी सर्जरी की और अब वो बेहतर है। अभी वॉकर की मदद से चलने लग गए है। इस सर्जरी के दौरान, डॉ. पीएसएन प्रसाद एवं डा. एमएस गुप्ता द्वारा उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा



उपलब्ध कराई गई। इस ऑपरेशन का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि रोगी की उम्र के बावजूद इसे सफ लतापूर्वक किया गया और उसे अब जीने की नई उम्मीद मिली है। श्री साईं अस्पताल नाहन के निदेशक डॉ. दिनेश बेदी ने सर्जरी की चिकित्सा टीम को इस सफ लतापूर्वक सर्जरी के लिए बधाई दी और कहा की अब श्री साई अस्पताल नाहन के हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग में हर प्रकार के जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। हमारे सिरमौर भाई बहनों को क्षेत्र से बाहरी राज्यों में जा कर महंगे इलाज करवाने की आवश्यकता नहीं है।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर बैठक आयोजित



**हामिद**

**चंबाः एसडीएम** एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चंबा अरुण शर्मा की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय कक्ष में लोकसभा निर्वाचन-2024 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने बैठक में विभिन्न गठित टीमों को वरिष्ठ नागरिकों, कोरोना पॉजिटिव, अपंग लोगों तथा भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा सूचीबद्ध आवश्यक सेवाओं में तैनात कर्मचारियों की सुविधा के लिए पोस्टल बैलट पेपर के माध्यम से मतदान करवाने को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

अरुण शर्मा ने साथ में यह भी बताया कि ऐसे लोगों को मतदान करने के लिए एक विशेष सुविधा केंद्र बनाया जाएगा ताकि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित न रह सके। इस अवसर पर मतदान प्रक्रिया को लेकर नायब तहसीलदार संजय शांडिल ने भी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की।

इन विभागों के कर्मियों को मिलेगी सुविधा

स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और एंबुलेंस सेवाओं में तैनात कर्मी, अग्निशमन विभाग, राज्य परिवहन निगम के लोकल रूट को छोडकर ड्राइवर और कंडक्टर्स, राज्य दुग्ध संघ तथा सहकारी दुग्ध सभाओं के दुग्ध वितरण सेवाओं से संबंधित कर्मचारी, भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत स्थानीय प्रेस प्रतिनिधि, जल शक्ति विभाग के पंप ऑपरेटर और टर्नर, राज्य विद्युत बोर्ड से इलेक्ट्रीशियन और लाइनमैन तथा जेल कर्मियों को आवश्यक सेवाओं की सूची में रखा गया है।

# श्री रेणुका जी पुलिस ने अफीम के 153 पौधें उखाड़े

**एसपी जैरथ**



**पुलिस** थाना श्री रेणुका जी की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अफ ीम के 153 पौधे बरामद किए है। आरोपी की पहचान नईया राम निवासी गांव लठियाणा, जामूकोटी तहसील ददाहु, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूत्रों से सुचना प्राप्त हुई कि नईया राम ने अपने खेतों में अफ ीम की खेती कर रखी है। सूचना के अधार पर पुलिस थाना रेणुका जी की पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी और टीम ने खेतों में उगाए गए अफ ीम के कुल 153 पौधे बरामद करने में सफ लता प्राप्त की। पुलिस ने अफ ीम के पौधो से नमुना निकालने के बाद शेष सभी अफ ीम के पौधों को मौके पर ही आग लगाकर नष्ट कर दिया है। खबर की पुष्टि पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा ने की है।

# वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी कर सकेंगे मतदान : निर्वाचन अधिकारी

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी : जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है, परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र (एपिक कार्ड) नहीं है, तो भी वह लोकसभा चुनाव में अपना मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। उन्हें अपनी पहचान बताने के लिए 12 वैकल्पिक फ ोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। उन्होंने बताया ने बताया कि 12 वैकल्पिक फ ोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, केन्द्र या राज्य सरकारों या पीएसयू द्वारा जारी फ ोटो युक्त सेवा आई कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फ ोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड और सांसद और विधायक को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र शामिल है। उन्होंने बताया कि जब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं होगा तब तक मतदान नहीं कर किया जा सकता है भले उसके पास मतदाता पहचान पत्र क्यों न हो। देवगन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 को मध्यनजर रखते हुए जिला मंडी की सभी 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जा रहे हैं। उन्होंने बताया की भारत निर्वाचन आयोग ने नए मतदाताओं के लिए रजिस्ट्रेशन के नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिसके अनुसार जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर माह की पहली तारीख को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर वोटर मतदाता सूची में अपना दर्ज किया जा सकता है। इन संशोधनों के दृष्टिगत जो युवा 01 अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं।

# नरेंद्र मोदी बनेंगे तीसरी बार प्रधानमंत्री : सुरेश कश्यप

**एसपी जैरथ**

**नाहनः भाजपा** सांसद व शिमला संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने सिरमौर जिला में आज अपने प्रचार की शुरूआत रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र से की। सुरेश कश्यप सबसे पहले रेणुका विधानसभा क्षेत्र के लाना चेता पहुंचे और यहां पार्टी कार्यकताओं के साथ चुनाव प्रचार की कमान संभाली।सुरेश कश्यप 3 दिवसीय सिरमौर जिला के दौरे पर पहुंचे हुए हैं और यहां पर वह अपनी इस दौरे के दौरान जिला के विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करेंगे।उन्होंने कहा कि यह चुनाव देशहित का चुनाव है और लक्ष्य नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस देश को आगे ले जाने वाला चुनाव है और देश को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा की नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिलना देश का सौभाग्य है और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के हाथ में देश मजबूत दिख रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि साल 2014 से पहले देश के हालात बिलकुल अलग थे और सीमाओं पर तनवा का माहौल था मगर पिछले 10 सालों में देश में परिस्थितियों बदली है। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के भीतर सेवा के जवानों पर पत्थर बाजी होती थी और लोग वहां जाने से डरते थे मगर आज वहां लोग शांति के साथ जी रहे है सबसे ज्यादा पर्यटक जम्मू कश्मीर में पहुंच रहे है।

# शिमला में टैक्सी ऑपरेटरों द्वारा पैदा किए गए भय के माहौल की ओर आकर्षित करने की है आवश्यकता

## मेशा पर्यटकों को मंदिर से लाने/छोडने की फिराक में रहते हैं और तेज गति से गाड़ी चलाते हैं

**चमन शर्मा**

**शिमलाः हमें** आपका ध्यान जाखू, शिमला में टैक्सी ऑपरेटरों द्वारा पैदा किए गए उपद्रव और भय के माहौल की ओर आकर्षित करने की आवश्यकता है। जैसा किए आप जाखू में छोटी संकरी सडकों के बारे में जानते हैं, टैक्सी चालक न केवल तेज गति से बहुत लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं, बल्कि अगर उन्हें धीमी गति से चलने के लिए कहा जाए तो वे अभद्र व्यवहार भी करते हैं। यहां तक कि उन्हें सावधानी से गाड़ी चलाने के लिए कहने पर भी झगड़े की स्थिति पैदा हो जाती है। वे हमेशा पर्यटकों को मंदिर से लाने/छोड? की फि राक में रहते हैं और तेज गति से गाड़ी चलाते हैं। आपकी चिंता का विषय टैक्सियों के रूप में चलने वाले बड़ी संख्या में निजी वाहन भी हैं। उनमें से अधिकांश के पास उचित दस्तावेज भी नहीं होते हैं क्योंकि ड्राइवर नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, विशेष रूप से छुट्टियों के दौरान जैसे कि रविवार सबसे व्यस्त दिन होता है और पर्यटन सीजन में। यहां

> 8 आपकी चिंता का विषय टैक्सियों के रूप में चलने वाले बड़ी संख्या में निजी वाहन भी हैं

तक कि सुबह और शाम के स्कूल समय के दौरान भी स्कूली बच्चों और उनके साथ आने वाले अभिभावकों के लिए चलने के लिए व्यावहारिक रूप से बहुत कम जगह होती है।पूरे सम्मान के साथ हमें इस बात पर जोर देना होगा कि जाखू मुख्य रूप से एक आवासीय इलाका है। पैसों के लालच से ऊपर निवासियों की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। हम यहां जाखू में फ ी बेंच पर स्थायी टैक्सी स्टैंड बनाकर वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही को रोकने का सुझाव दे रहे हैं। लोगों को मंदिर तक ले जाने के लिए किसी भी टैक्सी को उस बिंदु से आगे जाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। सुबह और शाम के स्कूल समय सुबह 7:30 बजे से सुबह 9 बजे तक और दोपहर 2-4 बजे के दौरान टैक्सी की आवाजाही और उपयोगिता वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध है। जाहिर है, लोगों को ले जाने के लिए एचआरटीसी टैक्सियों के साथ-साथ एक रोप वे भी है। रिज से मंदिर आजकल अधिकतर पर्यटक मंदिर तक गाड़ी चलाकर जाना भी पसंद करते हैं। केवल स्थानीय निवासियों को निजी टैक्सियों के माध्यम से आने-जाने की अनुमति दी जानी चाहिए, क्योंकि कई लोग शहर में आ रहे होंगे या बाहर जा रहे होंगे। अपना या रिश्तेदार का आधार कार्ड दिखाने पर वे जाखू में मिलने जा रहे हैं।

# लक्कड़ बाजार स्कूल में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



चमन शर्मा

शिमलाः विधानसभा 63-शिमला शहरी में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लक्कड़ बाजार, शिमला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों, प्रवक्ता एवं अध्यापकों ने भाग लिया। इस अवसर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब व नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया 85 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों के लिए घर पर ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। 63-शिमला शहरी निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के सदस्यों व विद्यार्थियों को कार्यक्रम की आवश्यकता और महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र युवा मतदाता को सूची में सम्मिलित करने के साथ.साथ लोकतंत्र की मजबूती के लिए जन.जन की भागीदारी सुनिश्चित करना ही कार्यक्रम का ध्येय है। इस दौरान विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को अपने परिवार व पड़ोसियों को हिमाचल में 01 जून 2024 को होने वाले चुनाव में मतदान सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई गई।

# पीएनबी के 130वें स्थापना दिवस पर किया रक्तदान

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** पंजाब नेशनल बैंक के 130वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बैंक के मंडल कार्यालय हमीरपुर ने शुक्रवार को कई कार्यक्रम आयोजित किए। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय ने रक्तदान शिविर भी आयोजित कियाए जिसका शुभारंभ मंडल के प्रमुख अरविंद सरोच ने किया। बैंक की सामाजिक दायित्व योजना के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में जिला अग्रणी प्रबंधक लक्ष्मीनारायण काजल, पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार




प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी के निदेशक अजय कुमार कतना, अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों तथा बैंक के ग्राहकों ने रक्तदान किया। जबकि, मंडल प्रमुख ने पंजाब नेशनल बैंक की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को मतदान का महत्व समझाया और आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की। इस अवसर पर हिम अकादमी कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों और अन्य लोगों को मिठाई भी बांटी गई।

# एसडीएम ने जारी किया स्थानीय भाषा में तैयार मतदाता प्रेरक सॉन्ग

## पांगणा स्कूल की प्लस टू की छात्रा नमो चौहान ने दी है गाने को अपनी आवाज

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः चुनाव** का पर्व, देश का गर्व, लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत 26-करसोग (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने और मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने के लिए स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत स्थानीय भाषा में तैयार किए गए सॉन्ग को गत दिवस को एसडीएम राजकुमार ने लॉन्च किया। जिसके बोल है एक की जूना ले साथियों मारे, बोटा देंदें जाणा, चालो मेरे युवा साथियों मारे, सही बटन दबाणा। चार मिनट के इस सॉन्ग को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा की प्लस टू की छात्रा नमो चौहान ने (गाया) अपनी आवाज दी है। जबकि स्कूल के राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता ललित ठाकुर ने गाने को लिखा है और कंपोज भी किया है। म्यूजिक हरि सिंह गौतम का है जबकि डोलक की आवाज दिनेश गौतम की है। इस सॉन्ग को एमसी फ िल्म प्रोडक्शन पांगणा के बैनर तले तैयार किया गया है।गाने की लॉन्चिंग के इस अवसर पर एसडीएम राजकुमार ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा की प्लस टू की छात्रा नमो चैहान ने इस गाने को अपनी आवाज देकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना सबसे बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि छात्रा के इस योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सॉन्ग क्षेत्र में मतदान प्रतिशत्ता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। गाने को स्वीप गतिविधियों के अन्तर्गत तैयार किया गया है। उन्होंने इस मौके पर स्वीप टीम को भी निर्देश दिए कि इस गाने को सोशल मिडिया के विभिन्न प्लेट फॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंचाया जाए ताकि युवा मतदाताओं के साथ-साथ आमजन भी इसे सुन कर मतदान करने के लिए प्रेरित हो सकें।इस अवसर पर तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पांगणा के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, स्वीप अधिकारी पंकज गुप्ता, राजेश कुमार, हुक्म चंद और देवेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# महिला से लाखों की ठगी करने वाले विदेशी दो आरोपी गिरफ्तार

**एसपी जैरथ**

**नाहनः शहर** के नया बाजार क्षेत्र में हाल ही एक महिला के साथ हुई ऑनलाईन लाखों की ठगी के मामले में पुलिस टीम द्वारा दो विदेशी मूल के साइबर आरोपियों को धर दबोचा है। जबकि हिरासत में लिए गए आरोपियों के अन्य साथियों की पुलिस को तलाश है। एसपी सिरमौर रमन मीणा ने बताया कि मामले में गठित एसआईटी ने जांच के दौरान साइबर सेल नाहन ने साइबर ठगों तक अपनी पहुंच बनाई और टीम ने दिल्ली से अफ्र ीकी मूल के दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से 06 मोबाइल फोन व 07 मोबाइल सिम बरामद किए है। उन्होंने ने बताया कि पुलिस आरोपियों के बैंक के खातों की जांच भी कर रही है। एसपी ने बताया कि साइबर गैंग का भांडा फोड़ करने वाली टीम में प्रभारी पुलिस चौकी गुन्नु घाट सुरेश मेहता ए नवराज ए रोहित कुमार



ए आरक्षी अमरेंद्र सिंह ए आरक्षी चमन तथा महिला आरक्षी वर्षा शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शीतल निवासी नया बाजार नाहन ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 26 मार्च 2024 को एक अनजान नंबर 7042398072 से उसके निजी मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई ए जिसने बताया कि वह एयरपोर्ट कोरियर दिल्ली में काम करती है तथा मनोज कुमार ने होरो सिटी लंदन इंग्लैंड से इसका कोई कोरियर भिजवाया है। और इस पार्सल को क्लीयरेंस में लगवाने के लिए इसे 65000 रुपये 9711356148 पर गूगल पे करने होंगे। एसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता के पूछताछ करने पर उक्त अनजान महिला ने इसे बताया कि पार्सत में गोल्ड वॉच, आईफ ोन, गोल्ड बैंगल तथा एक अन्य लिफ ाफ ा में कुछ पैसे हैं जो उपरोक्त सभी सामान भारतीय करेंसी के अनुसार लगभग 50 से 60 लाख रुपए की कीमत के हैं। इस कारण प्रलोभन में आकर शिकायतकर्ता ने 65000/- रुपए उपरोक्त गूगल पे नंबर पर डाल दिए। 27 मार्च 2024 को उक्त नंबर से शिकायतकर्ता के पास दोबारा कॉल आई तथा इसको कहा कि लिफ ाफे में इंग्लैंड की करेंसी है जिसका भारतीय करेंसी में बदलने के लिए इसको 2,20,000 रुपये और जमा करवाने होंगे।

# घने जंगलों में बन रही 16000 ली अवैध शराब मौके पर की नष्ट

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने नशे पर लगाम कसने के उद्देश्य से इन दिनों अवैध शराब कारोबारी की धर पकड़ शुरू कर दी है। विभाग द्वारा पांवटा साहिब के जंगलों में तलाशी अभियान के दौरान टोका खारा वन क्षेत्र में चल रही अवैध शराब की भट्टियों को नष्ट कर दिया है। जानकारी के मुताबिक राज्य कर एवं आबकारी विभाग को सूचना मिली थी कि पांवटा साहिब के टोका खारा वन क्षेत्र में अवैध शराब बन रही है, जिसके चलते विभाग द्वारा तलाशी अभियान आरंभ किया गया। इस दौरान विभाग को बड़ी सफ लता हाथ लगी है। विभाग की दो टीमों ने अलग.अलग स्थानों पर करीब 16000 लीटर से अधिक लाहान को नष्ट किया है। बताते हैं कि इस अवैध शराब की कीमत करीब 16 लाख रुपए से अधिक है। राज्य कर एवं आबकारी विभाग सिरमौर के उपायुक्त हिमांशु पवार ने बताया कि विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर टोका खारा के वन क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान घने वन क्षेत्र में करीब 6 किलोमीटर की दूरी पर दो अलग-अलग अवैध शराब की भ्ियां चल रही थी जिसे विभाग की टीम द्वारा नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि इस टीम में सहायक आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी विभाग मनोज घारू, अर्शी शर्मा के साथ शशिकांत एसटीआईओ, सनी वर्मा, प्रेम नेगी और रामपाल आदि शामिल थे। इस टीम ने जब जंगल में दबिश दी तो उन्होंने करीब 16 लाख रुपए से अधिक की अवैध शराब नष्ट की है।

हिमांशु पवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अभी तक विभाग द्वारा करीब 17842 लीटर से अधिक की अवैध शराब जब्त की है।

# मुख्यमंत्री के कारण बिगड़ा सरकार का गणित: बलबीर वर्मा

**साधा निशाना**

8 जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से उनका गणित उल्टा ही चल रहा है।




**चमन शर्मा**

**शिमला: भाजपा** प्रदेश प्रवक्ता एवं विधायक बलबीर वर्मा ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार का गणित स्वयं ठीक नहीं है और वह खुद गणित का सवाल उठा रहे हैं जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से उनका गणित उल्टा ही चल रहा है। पहले कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने स्वयं ही मुख्यमंत्री पर अनगिनत आरोप लगाए और संगठन एवं सरकार के मध्य तालमेल का गणित उनको समझाया फि र राज्यसभा के चुनाव हुए जहां पर वह एक इंपोर्टेड कैंडिडेट लेकर आए उसके उपरांत जब मतदान हुआ तो कांग्रेस पार्टी 43 से 34 पहुंच गई और भारतीय जनता पार्टी 25 से 34 पहुंच गई यह गणित स्पष्ट है और जनता के बीच है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंत्री एवं कांग्रेस नेताओं की भाषा शैली ठीक नहीं है। कांग्रेस के नेता निरंतर भाजपा नेताओं पर आरोप लगा रहे हैं कभी नेताओं को काला नाग, भेंडे बोल रहे हैं कभी 15 करोड़ के गलत आरोप कभी कूटने का आह्वान कर रहे हैं वर्तमान राजनीतिक वातावरण तो कांग्रेस के नेताओं ने ही बिगाड़ा है। उन्होंने कहा चुनाव में व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं होनी चाहिए पर अगर पहला कांग्रेस करेगी तो भाजपा चुप नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में विकास की एक ज्वाला उत्पन्न हुई है और प्रधानमंत्री पूरे देश में अनगिनत विकास कार्य कर रहे हैं जो पूर्ण रूप से स्पष्ट दिख रहा है की तीसरी बारी भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बनेंगे आज इंग्लैंड रूस जैसे देशों में भी भारत का डंका बज रहा है जहां पड़ोसी देशों में महंगाई का बोलबाला है वहां भारत में 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। फ र्क साफ है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। इस द्वारा भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, कोषाध्यक्ष कमलजीत सूद, सह प्रभारी सुदीप महाजन, रमा ठाकुर उपस्थित रहें।

# जय दुर्गे मां नर्सिंग कॉलेज का नया भवन तैयार, छात्राओं को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

**सुविधाओं से लैस**

8 नए संस्थान में छात्रों की तमाम सुविधाओं को देखते हुए इस भवन का निर्माण किया गया है



**संगराय**

**जोगिंद्रनगर:** जय दुर्गे मां नर्सिंग कॉलेज जोगिंद्रनगर का नया भवन शानन में बनकर तैयार हो गया है। नए सत्र की कक्षाएं इसी भवन में शुरू हो रही है, कॉलेज के प्रबंध निदेशक राकेश धरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नए संस्थान में छात्रों की तमाम सुविधाओं को देखते हुए इस भवन का निर्माण किया गया है। भवन में स्मार्ट क्लासरूम, हाइटेक प्रयोगशालाएं, लाइब्रेरी व अन्य तमाम सुविधाएं छात्रों को मुहैया करवाई जाएगी यही नहीं धरवाल ने बताया कि छात्राओं को आवास की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जा रही है ताकि छात्राओं को कॉलेज परिसर में ही आवास की सुविधा मिल सके।

उन्होंने बताया कि इस भवन में 16 अप्रैल को प्रवेश किया जाएगा और इसी दिन यज्ञ भी किया जाएगा व दोपहर प्रीतिभोज का भी आयोजन किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्व. बाबूराम की याद में लांच किया कैलेंडर

**चमन शर्मा**

**शिमला: वन** विभाग अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. बाबूराम शर्मा की याद में वर्ष 2024 का कैलेंडर लांच किया। महासंघ के पूर्व अध्यक्ष स्व. बाबूराम शर्मा के अमूल्य योगदान को याद करते हुए हिमाचल प्रदेश वन विभाग एसोसिएशन के वर्तमान अध्यक्ष प्रकाश बादल ने संगठन के एक साल पूरा होने पर स्व. बाबूराम शर्मा के कैलेंडर को प्रधान मुख्य अरण्यपाल एवं वन विभाग के प्रमुख राजीव कुमार के कर कमलों द्वारा विमोचन करवाया। वीरवार को जाइका वानिकी परियोजना मुख्यालय शिमला में सेवारत अधीक्षक ग्रेड-वन रमेश चंद ने इस कैलेंडर का विमोचन किया। इस दौरान परियोजना के कर्मचारियों को कैलेंडर भी वितरित किए। गौरतलब है कि स्व. बाबूराम शर्मा ने वन विभाग में सेवाएं देते हुए हमेशा कर्मचारियों के हितों की बात की। कर्मचारियों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने और उसका समाधान करवाने में उन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी। आज स्वण बाबूराम शर्मा को वन विभाग के विभिन्न विंग में सेवाएं दे रहे सभी कर्मचारी याद करते हैं। बताया गया कि स्वण बाबूराम शर्मा ने कर्मचारियों को उनका हक दिलवाने के लिए आंदोलन का रास्ता भी अपनाया था तो सफलता भी मिली थी।

### बिलासपुर के ऐतिहासिक रुकमणी कुंड स्थल में तीन दिवसीय बैशाखी मेला शुरू



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** झंडूता उपमंडल के ग्राम पंचायत जांगला के अंतर्गत आस्था का प्रतीक रुक्मणी कुण्ड में तीन दिवसीय बैशाखी मेले का शुभारंभ स्थानीय ग्राम पंचायत प्रधान सरला देवी द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना के साथ किया गया। उन्होंने रुक्मणी कुंड का एतिहास बताते हुए कहा कि रुक्मणी कुंड को रुक्मणी के बलिदान का स्थान माना जाता है यहां कुछ वर्षों से बलिदानी के नाम पर पूजा शुरू हुई। उन्होंने बताया कि पानी के लिए कुआं खोदने के उनके बारण्बार प्रयासों के बावजूद पानी की कमी के कारण पूरा औहर क्षेत्र संकट में था। एक बार राजा को स्वप्न आया कि यदि उसके पुत्र या पुत्रवधू की बलि दी जाये तो जल निकल सकता है। किंवदंती है कि तरेड़.गांव की रुक्मणी नाम की एक नवविवाहिता जिसकी शादी बरसंड गांव के राजपूत शासक परिवार से हुई थी, को उस स्थान के किनारे जिंदा दफना दिया गया था, जिसे बावड़ी खोदने के लिए चुना गया था। बहू रुक्मणी ने खुद को अपने पति की प्राथमिकता में पेश किया। उन्होंने अपना जीवन बलिदान कर दिया और वर्तमान रुक्मणी कुंड उनके साहसी कार्य का परिणाम है। ऐसा कहा जाता है कि उन्हें उस स्थान पर जिंदा दफनाया गया था जहां आज यह कुंड है। कुंड की दीवारों पर लटकी घास को उनकी जटाएं माना जाता है। और यह जलाशय के पानी की जादुई शक्ति के कारण वहां मौजूद है। रुक्मणी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए लोग घास पर रिबन, चूडि?ाँ बांधते हैं। यह भी माना जाता है कि इस जलाशय का पानी त्वचा रोगों को ठीक कर सकता है।

तरेड गांव की रहने वाली थीं और आज भी रुक्मणी के गांव के लोग कुंड का पानी नहीं पीते हैं और न ही उसमें स्नान करते हैं। उन्हें अपनी बेटी के बलिदान पर कितना गर्व है। बैसाखी पर्व पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने यहां पहुंचकर पुण्य स्नान किया व मां रुक्मिणी की अराधना की। बैसाखी पर तीर्थ स्थल पर स्नान का विशेष महत्व होता है। स्थानीय ग्राम पंचायत व जल शक्ति विभाग द्वारा कुंड में स्नान करने पर पाबन्दी लगाई गई है क्योंकि रुक्मिणी कुंड क्षेत्र के कई गांवों के लिए जल आपूर्ति का स्रोत है।

इस मौके पर प्रधान सरला चंदेल, उपप्रधान अमर नाथ कौंडल, पंचायत सचिव कर्म दयाल शर्मा, ग्राम सेवक निक्कू राम, सदस्य चंद्र किरण, पूनम कुमारी, सपना, नीलम कुमारी, दिलबर चंदेल, सहित आदि उपस्थित रहे।

# शिमला ओल्ड बस स्टैंड मे एचआरटीसी बसों मे जोरदार टक्कर

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के पुराना बस अड्डे में सुबह करीब 10 बजे दो सरकारी बसों की आपस में टक्कर हो गई। जानकारी के मुताबिक, एक सरकारी एग्जिट प्वाइंट पर से बाहर की तरफ जा रही थी। तभी पीछे की ओर से एक की इलेक्ट्रिक बस ने आगे खड़ी बस को टक्कर मार दी। इस दौरान एक महिला और एक पुरुष इसकी चपेट में आ गए। दोनों को हाथ में गंभीर चोट आई है। स्थानीय टैक्सी ड्राइवर और एचआरटीसी बस के एक ड्राइवर की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुबह के वक्त दोनों बसों के बीच जोरदार टक्कर हुई। महिला और पुरुष इसकी चपेट में आ गए। स्थानीय टैक्सी ड्राइवर ने आरोप लगाया कि इलेक्ट्रिक बस चल रहा ड्राइवर मौके से फ रार हो गया और अन्य कर्मियों ने भी घायलों की कोई मदद नहीं की।

हिमाचल पथ परिवहन निगम के रिजनल मैनेजर विनोद शर्मा ने कहा कि उन्होंने हादसे के बाद मामले की घटना की रिपोर्ट तलब की है। मौके पर दो तकनीकी अधिकारियों को भी भेजा गया है, जो हादसे की वजहों का पता लगाएंगे। विनोद शर्मा ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह घटना इलेक्ट्रिक बस ड्राइवर की गलती के कारण

# गनोड़ के एक घर से चोरों ने उड़ाया हजारों रु. का सामान, पुलिस ने जांच शुरू की



**विजय समयाल**

**कांगड़ा: पुलिस** थाना फ तेहपुर के तहत पड़ती पंचायत कुटवासी के गनोड़ के एक घर से चोरों ने हजारों रु का सामान उड़ा लिया है। तो वहीं पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घर के मालिक महेश चन्द ने शुक्रवार को वताया वो परिवार सहित चंडीगढ़ में रहते हैं व आज सुबह ही करीब 4 बजे घर पहुंचे थे। बताया जैसे ही मुख्य गेट खोला तो पता चला कि आगे घर के सभी दरवाजों के ताले व कुंडियां टूटी हुई है व अंदर सभी कमरों में समान बिखरा पड़ा था। बताया छानबीन करने पर पता चला कि चोर एक बड़ा वूफ र, करीब 25 बैड शीट सहित अन्य कुछ सामान व कुछ नगदी चुराकर ले गए हैं। बताया चोरी की रिपोर्ट उन्होने पुलिस थाना फ तेहपुर दे दी है। वहीं थाना प्रभारी फ तेहपुर रजिंदर कुमार ने बताया पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू कर दी है।

# भक्तों के लिए बनाया सेल्फी प्वाइंट बना आकर्षण का केंद्र

**राजन पुरी**

**ऊना:** उत्तर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां चिंतपूर्णी के दरबार में चौथे दिन उपेक्षा से कम श्रद्धालु पहुंचे, तो वही अधिकतर श्रद्धालु की मंदिर के परिसर में बनाए गए सेल्फी पॉइंट ऊपर नजर ना पड़े या फिर सेल्फी प्वाइंट पर जाकर फोटो ना हो, ये हो ही नही सकता। मंदिर के परिसर में तीन से चार स्थान ऐसे हैं, जहां पर फूलों से मंदिर के भवन की मां के मूर्ति और मां की ज्योति का स्वरूप बनाया गए हैं, वहां पर खड़े होकर भगत अपने यादगार चित्र खिंचवाकर काफी खुश हैं। बताते चले कि चैत्र नवरात्रि में अभी तक उपेक्षा से कम ही श्रद्धालु दरबार में पहुंचे हैं।

# हिमाचल के कुल्लू में ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त, 4 की मौके पर मौत

**चमन शर्मा**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में सडक हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे है। आए दिन हो रहे हादसों से कई लोग काल का ग्रास बन चुके है। ताजा घटनाक्रम में कुल्लू जिला पेश आये एक सडक हादसे में 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम खाई से शवों को निकालने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार आनी उपमंडल में राणाबाग-करशाला मार्ग पर चोईनाला के समीप एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। कार में 4 लोग सवार थे। हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई।



उधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू करने में जुट गई। मृतकों की पहचान सुरेंद्र कुमार चालक (40) पुत्र धर्म चन्द, सुशील कुमार (36) पुत्र मनसा राम, बीर सिंह (43) पुत्र मोती राम, संजीव कुमार (34) पुत्र रोशन लाल निवासी खनेरी आनी जिला कुल्लू के रूप में हुई है। फि लहाल अभी तक हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

इस मामले को लेकर आनी डीएसपी चंद्रशेखर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस तरह की घटना पेश आई है सूचना मिलते ही घटनास्थल पर उनकी टीम पहुंच गई थी हादसा किन कारणों से हुआ छानबीन शुरू की गई है।

एसएमल-13

# इंडस में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित, धीरज विजेता

**राजन पुरी**

**ऊना:** इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने न केवल प्रतिभागियों की रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि सर्वांगीण व्यक्तियों को आकार देने में सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी रेखांकित किया। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. संजय कुमार बहल ने पारंपरिक शिक्षाविदों के दायरे से परे गतिविधियों में शामिल होने के महत्व पर जोर दिया। प्रतियोगिता में बुद्धि और रणनीति की तीव्र लड़ाई देखी गई।

# मंडी के तीन जेबीटी शिक्षकों ने सिंगापुर में सीखे शिक्षण के गुर

## स्टार प्रोजेक्ट के तहत प्रदेश के 102 शिक्षकों ने हासिल किया प्रशिक्षण




**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: मंडी** जिला के तीन जेबीटी शिक्षकों ने सिंगापुर में प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर शिक्षण के गुर सीखे। अब ये शिक्षक प्रदेश में शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता लाने को लेकर काम करेंगे। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे गए अध्यापक अब स्वदेश लौट आए हैं। स्वदेश लौट आए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से समग्र शिक्षा अभियान द्वारा स्टार प्रोजेक्ट के तहत हिमाचल प्रदेश से 102 अध्यापकों का दूसरा ग्रुप प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी में एडिशनल डायरेक्टर बाबूराम शर्मा की अध्यक्षता में सिंगापुर गया था। उसमें जिला मंडी तीन जेबीटी अध्यापक विनोद कुमार कौंडल राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला बलद्वारा शिक्षा खंड गोपालपुर द्वितीय, अशोक कुमार जेबीटी शिक्षा खंड द्रंग-2 व रंजीत सिंह

**ट्रेनिंग**

8 हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजे गए अध्यापक अब स्वदेश लौट आए हैं

जेबीटी राजकीय प्राथमिक पाठशाला जोधन शिक्षा खंड धर्मपुर-1 इस प्रशिक्षण का हिस्सा रहे। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोपालपुर-2 के अध्यक्ष विनोद कौंडल ने बताया कि अध्यापकों को सिंगापुर जैसे विकसित राष्ट्र की शिक्षा प्रणाली उत्कृष्ट के मानकों और शिक्षा प्रणाली में अपनाए जा रहे नवाचार व तरीकों को जानने व सिखाने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वहां के स्कूलों में जाकर अध्यापकों के पढ़ाने के तरीके को भी समझने का मौका मिला।

# राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस का किया आयोजन

## जागरूक करना है ताकि वह स्वंय स्वस्थ रहते हुए एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके



**हामिद**

**चंबा: स्वास्थ्य** एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा शुक्रवार को को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सरोल में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस 2024 का आयोजन किया गया। जिस में क्षेत्र की लगभग 40 गर्भवती व धात्री मातायों ने भाग लिया। इस मौके. पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बोलते हुए स्वास्थ्य शिक्षका निर्मला ठाकुर ने बताया कि हर साल इस दिवस को मनाने का उद्देश्य गर्भावस्था के दौरान मां को अपनी उचित देखभाल कैसे करनी है के बारे में जागरूक करना है ताकि वह स्वंय स्वस्थ रहते हुए एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सके। इसके लिए जरूरी है कि वह गर्भावस्थाका पता चलते ही जल्द से जल्द स्वंय को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में रजिस्टर करवाए तथा स्वास्थ्य केंद्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सेवायों का लाभ ले स इसके साथ ही जरुरी है कि वह गर्भवस्था के दौरान कम से कम चार बार स्वास्थ्य केंद्र में अपनी जांच जरूर करवाएंस गर्भावस्थाके दौरान पोष्टीक आहार ले। रात को आठ घंटे की नींद व दिन को दो घंटे का आराम जरूर करें। अपना प्रसव स्वास्थ्य संस्थान में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मचारी से ही करवाएं।

गर्भावस्थाके दौरानखून की कमी को रोकने के लिए आयरन व फ ोलिक एसिड की गोली व कैल्शियम की गोली जरूर खाएं। व खतरे के लक्षण दिखते ही तुरंत डॉक्टर से सम्पर्क करें। इस मौके. पर स्वास्थ्य बिभाग चम्बा से स्वास्थ्य परिवेक्षक कांता देवी, हेल्थ एंड वेलनेस सरोल की स्वास्थ्य कार्यकर्ता बिमला देवी, सीएचओ रागिनी बेदी तथा इलाके की आशा कार्यकत्रा भी उपस्थित रही

# भव्य शोभायात्रा के साथ बैसाखी मेले का आगाज

## डीसी अपूर्व देवगन ने की पूजा-अर्चना, शोभायात्रा में लिया भाग

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी: तीन धर्मों की पवित्र धार्मिक स्थली रिवालसर में** मनाए जाने बाला बैसाखी पर्व बसोआ का शुक्रवार को आगाज हो गया। चार दिवसीय इस मेले का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त मंडी ने किया। मेला कमेटी व स्थानीय जनता ने उनका रिवालसर आगमन पर बैंडबाजे व फू लमालाओं से जोरदार स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने लोमश ऋ षि मंदिर पूजा अर्चना कर बैशाखी पर्व का शुभारंभ किया। उनकी अगुवाई में भगवान लोमश ऋ षि की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं दूसरी



ओर ऐतिहासिक गुरुद्वारा से गुरु ग्रंथ साहिब के साथ नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें सिक्ख संगत, प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय उपकेंद्र, नैना देवी, बाबा धजा धरि मंदिर कमेटी सहित विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैसाखी पर्व पर आयोजित इस कार्यक्रम की शोभा देखते ही बन रही थी। मेले में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त अपूर्व देवगन ने क्षेत्रवासियों की बैसाखी मेले की बधाई दी और कहा की बैसाखी मेला रिवालसर धार्मिक सदभावना की अनूठी पहचान है।जहां तीन धर्मों के लोग इसे मिल जुल कर मनाते आये हैं। यहां की पवित्रता झील में श्रद्धालु स्नान कर अपने को पवित्र मानते है। उन्होंने कहा कि हिमाचल देवभूमि है तथा यहां पर हमारी धार्मिक परंपराओं की अनुरूप उत्सवों और मेलो का आयोजन होता है। बैसाखी को रिवालसर की पवित्र झील में स्नानहोगा जिसमें हजारों लोग अपने धार्मिक आस्था के चलते पवित्र जल में डुबकी लगाएंगे । यही नहीं रिवालसर में माता नैना माता के मंदिर में भी लोग दर्शनों के लिए जाते हैं। ऐसे धार्मिक मेले से जहां आपसीभाई चार बना रहता है तथा अपनी संस्कृति भी की पहचान आनेवाली पीढ़ी को होती ।

# आंबेडकर युवक मंडल बैरी दड़ोलां ने किया बैठक का आयोजन

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** भारत रतन डॉ. भीम राव आंबेडकर युवक मंडल बैरी दड़ोलां द्वारा अप्रैल महीने की पहली मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने भाग लिया। यह बैठक युवक मंडल के प्रधान मुनीश कुमार की अध्यक्षता मे हुई। बैठक मे अप्रैल महीने मे युवक मंडल द्वारा किए जाने वाले कार्यों और नई कार्यकारणी का विस्तार किया गया। डॉ. भीम राव युवक मंडल के प्रधान मुनीश कुमार ने बताया कि युवक मंडल के कुछ सदस्य व पदाधिकारी युवक मंडल के कार्यों मे अपना सहयोग नही दे रहे थे जिसके



चलते युवक मंडल के कार्यों में बाधा आ रही थी इसलिए युवक मंडल की कार्यकारणी मे नए सदस्य व पदाधिकारी जोड़ कर बदलाव किया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को डॉ. भीम राव आंबेडकर की 134 वी जयंती के उपलक्ष पर गांव बैरी दडोला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें गांव के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा तथा 22 अप्रैल से शिक्षा जागरूकता अभियान की शुरूआत के तहत युवक मंडल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बैहना जट्टां मे गरीब छात्रों को पाठय सामग्री वितरित करेगा। 26 अप्रैल को राजकीय प्राथमिक पाठशाला बैरी दडोला मे छात्रों को पाठय सामग्री वितरित की जाएगी और 28 अप्रैल को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

जिसमें युवक मंडल के सदस्य व पदाधिकारी गोविंद सागर झील के किनारों की सफाई करेगे और लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे।

# धामी कॉलेज से घण्डल स्कूल में स्थानांतरित होगा घण्डल मतदान केंद्रः अनुपम कश्यप

## जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

**चमन शर्मा**

**शिमला :**जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में गत दिवस को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय डिग्री कॉलेज धामी के 64/78 मतदान केंद्र घण्डल को स्थानांतरित करने बारे चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि प्राकृतिक आपदा के चलते राजकीय डिग्री कॉलेज धामी के भवन को असुरक्षित घोषित किया गया है और इस वजह से कॉलेज में बने 64/78 मतदान केंद्र घण्डल को राजकीय प्राथमिक पाठशाला घण्डल में स्थानांतरित किया जाना है। बैठक में उपमण्डल दण्डाधिकारी शिमला ग्रामीण कविता ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित मतदान केंद्र उसी मतदान क्षेत्र में पड़ता है और इसमें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। अनुपम कश्यप ने अधिकारियों को मतदान केंद्र पर सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि मतदाताओं को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस प्रस्ताव पर उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने सहमति जाहिर की और मामले को आगामी कार्रवाई के लिए भेजने को कहा।



**2 मई को होगी ईवीएम की रैंडमाइजेशनः** बैठक में बताया गया कि 02 मई 2024 को उपायुक्त कार्यालय स्थित एनआईसी में ईवीएम की प्रथम रैंडमाइजेशन करवाई जाएगी। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को इस प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन के साथ ही 02 से 04 मई तक ईवीएम मशीनों को सभी विधानसभा क्षेत्रों में भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त,यह भी बताया गया कि दूसरी रैंडमाइजेशन 19 मई को होगी। उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से विभिन्न प्रकार की अनुमतियां लेने के लिए सुविधा ऐप का अधिक उपयोग करने का भी आग्रह किया। एसमल-21

# आनी को सीएसआर के तहत जारी की 21.39 लाख की वित्तीय सहायता

**लिहांट्**

**रामपुर बुशहरः**लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए परियोजना प्रभावित क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य कर रही है। इस कड़ी में गत दिवस को 02 ई-कार्ट (4 सीटर और 6 सीटर) की खरीद हेतु कुल 21.39 लाख की वित्तीय सहायता प्रदान की। यह राशि परियोजना प्रमुख सुनील चौधरी द्वारा वन मण्डलाधिकारी, आनी को उनके कार्यालय लूहरी में प्रदान की गई। ये दोनों ई-कार्ट बागा सराहन मैदान से बश्लेउ दर्रा पास तक लगभग 5-6 किमी. में संचालित किए जाएंगे जिससे जिला कुल्लू के निरमण्ड ब्लॉक के अन्तर्गत बागा सराहन में इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। यह ई-कार्ट इको टूरिज्म सोसाइटी बागा सराहन द्वारा संचालित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त इस पहल से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर सृजित होंगे। हिमाचल प्रदेश के इस क्षेत्र में प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ावा देने की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए हाल ही में वन विभाग द्वारा बागा सराहन से बश्लेउ दर्रा तक अग्रेंजों के समय में बने ब्राइडल पाथ की मुरम्मत कर उस पर ई-कार्ट चलाने का फैसला लिया था। इस अवसर पर लूहरी जल विद्युत परियोजना चरण-1 प्रबन्धन की ओर से यादविन्द्र सिंह, वरि. प्रबन्धक (विद्युत), राजेन्द्र सिंह, वरि. प्रबन्धक (मानव संसाधन), लेख राज, सहायक प्रबन्धक (सिविल/सीएसआर) एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



# शिमला में पत्थरों से भरा टिप्पर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**चमन शर्मा**

**शिमलाः** राजधानी के ढली थाना क्षेत्र में पत्थरों से भरे टिप्पर के दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौके पर मौत हो गई है। हादसा गुरूवार रात ठेला जगह पर पेश आया है। जानकारी के अनुसार गुरूवार रात को टिप्पर एचपी30-5431 चालक पत्थर लेकर जा रहा था। इस बीच ठेला के समीप टिप्पर सडक से नीचे खाई में जा गिरा और चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक चालक की पहचान शिमला के मैहली निवास पूर्ण सिंह के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर देर रात पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और टिप्पर के चालक को मृत अवस्था में पाया।

# दक्ष के मां ने जताया केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का आभार

## सांसद अनुराग ठाकुर के प्रयासों से औहर का दक्ष हुआ अपने पैरों पर खड़ा

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुरः** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की मिसाल पेश करते हुए बिलासपुर जिले के घुमारवीं विधानसभा स्थित औहर पंचायत निवासी 13 वर्षीय पैरों से अक्षम बालक दक्ष शर्मा की दक्षता को पुनर्स्थापित करते हुए उसे कृत्रिम पैरों का तोहफ ा दिया है, जिसकी वजह से आज दक्ष फि र से अपने पैरों पर खड़ा हो पाया है। बालक दक्ष शर्मा केंद्रीय विद्यालय में 9वीं कक्षा का छात्र है और वह

**पहल**

**8 बालक दक्ष शर्मा और उसके परिवारजनों ने अपने सांसद का धन्यवाद किया है। अनुराग ठाकुर ने दक्ष को पुनः अपने दोनों पैरों पर खड़ा हो गया**

दाहिने पैर से अक्षम था। जैसे ही हमीरपुर के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को इस बालक के बारे में सूचना मिली वैसे ही उन्होंने तुरंत उसके जीवन में परिवर्तन लाने हेतु ये आवश्यक कदम उठाया। डॉक्टरों की देखरेख में बेहद



अव्वल दर्जे के कृत्रिम पैर लगाए

जाने के बाद दक्ष शर्मा और उनका परिवार बेहद प्रसन्न दिखा। गौरतलब हो की अनुराग ठाकुर अपने क्षेत्र के दिव्यांगजनों के जीवन में हौसलों की उड़ान भरने हेतु लगातार

इस प्रकार के मानवीय कार्य करते रहते हैं। अन्य लाभार्थियों के जैसे बालक दक्ष शर्मा का भी इलाज उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित एक सुप्रसिद्ध अस्पताल में हुआ जहां 4 दिनों तक दक्ष शर्मा का बिल्कुल निशुल्क तौर पर पूरा ख्याल रखा गया और कृत्रिम पैर लगाए गए। इसके साथ हीं दक्ष की लगातार फिजियोथेरेपी भी की गई जिसके परिणामस्वरूप आज दक्ष शर्मा न सिर्फ अपने पैरों पर खड़ा है बल्कि आम बच्चों की तरह आराम से चलए फि र और खेल भी सकता है।

बालक दक्ष शर्मा और उसके परिवारजनों ने अपने सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया है। अनुराग ठाकुर ने दक्ष को पुनः अपने दोनों

पैरों पर खड़ा देख खुशी जाहिर करते हुए कहा कि वे स्वयं खुद को बेहद भाग्यशाली समझते हैं क्योंकि ईश्वर ने उन्हें सेवा करने का अवसर दिया है।

एसमएल-18

# सांसद प्रतिभा व मंत्री विक्रमादित्य से हिसाब मांगेगी मंडी की जनताः राकेश जम्वाल



**चमन शर्मा**

**शिमलाः संसदीय** क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और प्रदेश पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच जारी जुबानी जंग के बीच अब प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल भी कूद गए हैं। राकेश जम्वाल ने शुक्रवार को संगठनात्मक सुंदरनगर के भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि विक्रमादित्य सिंह जनता का ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं। मंडी संसदीय क्षेत्र की जनता विक्रमादित्य सिंह और प्रतिभा सिंह से हिसाब मांगने जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर विधानसभा क्षेत्र सुंदर नगर की बात की जाए तो यहां सांसद निधि का पैसा पंचायतों तक नहीं पहुंच पाया है। राकेश जंवाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि सांसद निधि का पैसा आखिर कहां गया। सांसद निधि के तौर पर प्रत्येक सांसद को एक वर्ष में विभिन्न विकास कार्यों पर खर्च करने के लिए 5 करोड़ रुपए दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत पर कांग्रेस के केंद्रीय नेता और प्रदेश सरकार के मंत्री अभद्र टिप्पणियां कर रहे हैं।

लेकिन क्षेत्र की जनता के साथ-

**बयानबाजी**

**8 बातचीत के दौरान कहा कि विक्रमादित्य सिंह जनता का ध्यान भटकाने के लिए बयानबाजी कर रहे हैं।**

साथ भाजपा प्रदेश सरकार से बीते 15 माह के कार्यकाल का हिसाब मांगेगी। वहीं, विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस के धर्मपुर विधायक चंद्रशेखर के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि विधायक चंद्रशेखर कांग्रेस पार्टी की हार को देखकर बौखलाहट में हैं। आज कांग्रेस 6 विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव लड़ रही है। लेकिन उनके पास कोई प्रत्याशी नहीं है। मंडी संसदीय क्षेत्र से मौजूदा सांसद प्रतिभा सिंह प्रदेश कांग्रेस सरकार पर अनदेखी के आरोप लगा रही हैं। वहीं प्रतिभा सिंह उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को मंडी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लडने की बात कह रही हैं। लेकिन विक्रमादित्य या प्रतिभा सिंह के मंडी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव लडने के बाद भी भाजपा लाखों मतों से जीतकर वर्ष 2019 का रिकॉर्ड तोडने जा रही है।

# धरेत में महिला पर जेठ ने किया डंडे से हमला

**राजन पुरी**

**ऊना :पुलिस थाना** बंगाणा के तहत धरेत में एक महिला पर जेठ ने डंडा से हमला कर लहुलूहान कर दिया। हमले में घायल महिला को बंगाणा अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने घायल महिला की शिकायत पर जेठ व जेठानी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में नीलम कुमारी निवासी धरेत ने बताया कि शुक्रवार सुबह घर के बाहर लगी सरकारी पानी की मोटर की बंद करने लगी, तो मेरे जेठ बलवीर सिंह व जेठानी प्रोमिला देवी मौके पर पहुंच गए। दोनों ने मोटर बंद करने को लेकर गाली गलौच करनी शुरू कर दी। इतना नही नहीं जेठ बलवीर सिंह ने अपना हाथ में लिए डंडा से सिर डंडे से हमला कर दिया। डंडे के हमले से सिर से खून बहना शुरू हो गया।

# आज तक नहीं हुआ कोई हल, दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं अपने हक के लिए पौंग बांध विस्थापित

**विजय समयाल**

**कांगड़ाः पौंग** बांध विस्थापितों के 55 साल पुराने मुद्दे को लेकर सरकारें कितनी संवेदनशील है। इसका पता गैर राजनीति विस्थापितों से धरातल पर पता चलता है।देश की खुशहाली व दूसरे राज्यों को रोशन करने वाले पौंग बांध विस्थापितों का दर्द आखिर 55 वर्षों के बाद भी कम नहीं हुआ है वर्ष 1960 में 360 मेगावाट की जल विद्युत परियोजना के निर्माण के लिए व्यास नदी पर पौंग बांध की आधारशिला रखी गई थी जिसके लिए कांगड़ा जिले की हलदून घाटी के 339 गांवों के लगभग 30 हजार परिवार विस्थापित एवं बेघर हुए थे और बांध में एकत्रित पानी राजस्थान की भूमि को हरा भरा किए जाने के लिए दिए जाना था। वर्ष 1997 में बनी भारत सरकार के जलशक्ति सचिव, राजस्थान राजस्व सचिव और हिमाचल प्रदेश राजस्व सचिव की संयुक्त हाई पॉवर कमेटी की 29 बेनतीजा बैठकों से स्पष्ट झलकता है। कि केंद्र और राज्य सरकारें कितनी गंभीर है। हल्दून घाटी की उपजाऊ भूमि को न चाहते हुए भी 90 हजार 702 की आबादी ने पौंग बान्ध निर्माण की खातिर मजबूरी में अपने सीने पर पत्थर रखकर अपनी बेहद उपजाऊ भूमि को खोकर बेघर होने की दास्ताँ लिख डाली।इस दौरान लगभग 16352 परिवार अधिकृत हुए। लगभग 15124 परिवारों को सरकारों के समझौते के अनुसार राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की आरक्षित 2.20 लाख एकड़ रेतीली जमीन में बसाने पर सहमति बनी।सन 1980 तक 9196 परिवारों को राजस्थान ने भूमि आबंटित कर दी।

# अर्जुन कॉलोनी में रोक के बावजूद ट्रैक्टर ट्राली ले जाने पर विवाद

**राजन पुरी**

**ऊनाः हरोली** विधानसभा क्षेत्र के गांव बट्ट खुर्द की अर्जुन कॉलोनी में जाने वाले लिंक मार्ग पर रोक के बावजूद ट्रैक्टर ट्राली ले जाने पर विवाद हो गया। ट्रैक्टर ट्राली के मार्ग से गुजरने के चलते मार्ग से गुजर रहे बाइक चालक को कच्चे में उतारकर अपनी जान बचाने पड़ी। बंद के बावजूद गुजर रहे ट्रैक्टर ट्राली को लेकर हिमाचल प्रदेश महर्षि वाल्मीकि गुरू रविदास एकता महासभा के पदाधिकारी पहुंच गए और हंगामा हो गया। सूचना मिलने के बाद टाहलीवाल पुलिस व खनन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। बता दें कि हरोली विधानसभा क्षेत्र गांव बट्ट खुर्द में अर्जुन कलोनी को जानी वाले



लिंक मार्ग से गुजर रहे ट्रैक्टर ट्राली के ड्राइवर ने हिमाचल प्रदेश महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास एकता महासभा के चैयरमैन नव बैंस पर ट्रैक्टर ट्राली चढ़ाने की कोशिश की। बाइक चालक नव बैंस ने अपना बाइक कच्चे में उतार कर अपनी जान बचाई। ग्राम पंचायत के प्रधान का कहना है कि हमने लिंक रोड़ से ट्रैक्टर ट्राली न गुजरे, इसके लिए बोर्ड भी लगाए हुए हैं, लेकिन यह किसी की नहीं मानते। ग्रामीण जब ट्रैक्टर ट्राली वालों को रोकते हैं, तो यह झगड़ा करते है। ऐसे ही आज हुआ, जिसके बाद विवाद हो गया। महर्षि वाल्मीकि गुरू रविदास एकता महासभा चैयरमैन नव बैंस का कहना है कि लिंक रोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली के गुजरने से अगर किसी की जान चली गई, तो कौन जिम्मेदार होगा। मौके पर पहुंचे महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित वाल्मीकी व प्रधान प्रवीण कुमार, रिंकू सहजल, अंकुश व डॉ गोबिंद ने क्रशर संचालकों व माइनिंग करने वालो को चेतावनी दी है कि जो भी काम करना है।

कानून के दायरे में करें। अन्यथा इसको लेकर महर्षि वाल्मीकि गुरू रविदास एकता महासभा चुप बैठने वाली नहीं है।

उधर, डीएसपी हरोली मोहन रावत ने बताया कि हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने कहा ग्रामीणों को समझाने के बाद मामले को शांत किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ट्रैक्टर ट्राली सहित चालक को टाहलीवाल थाना ले गए, जहां पर मामले की जांच की जा रही है।

# शिमला साइक्लिंग एसो. रजि रोड टू हिमालय शिमला चैप्टर का आयोजन करेगा

**चमन शर्मा**

**शिमलाः शिमला** साइक्लिंग एसोसिएशन रजि रोड टू हिमालय शिमला चैप्टर का आयोजन करेगा 14 अप्रैल 2024 रू 11वें एमटीबी हिमालय शिमला के लिए एक रोमांचक क्वालीफ ायर जो शिमला की पहाडि?ों में मशोबारा के आसपास होगा इसमें राष्ट्रीय चैंपियन सहित 60 शौकीन साइकिल चालकों का प्रवेश मिला है जो मई 2024 में आयोजित होने वाला फ ायरफ ॉक्स एमटीवी हिमालय शिमला के 11जी एडिशन है।एससीए की स्थापना 2021 में हुए जो साइक्लिंग के खेल और उसके रूप में साइकिलिंग को बढ़ावा देने और विशेष रूप से परिवहन, बेहतर स्वास्थ्य, हरित वातावरण और रोमांच और मनोरंजन के साधनों के लिए साइकिल चलाने की वकालत के साथ-साथ



हिमाचल प्रदेश में योग्य साइकिल चालकों को अवसर देने के मुख्य उद्देश्य के साथ की गई थी। क्वालीफ ायर हरित और बेहतर कल के लिए साइकिल चलाने का संदेश देगा। रोड टू हिमालय शिमला चैप्टर 14 अप्रैल, 2024 को 60 से अधिक शौकीन सवारों की मेजबानी करने के लिए तैयार है, इसलिए शिमला मशोबरा की सुंदर पहाडि?ँ एक रोमांचकारी दृश्य देखने के लिए तैयार हैं। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम मशोबरा में मनमोहक डाक

**अद्वितीय सुंदरता**

**8 प्रतिस्पर्धी खेल की भावना के साथ.साथ यह शिमला की पहाडियों की अद्वितीय सुंदरता को भी प्रदर्शित करता है,**

बंगला रिट्रीट में आयोजित किया जाएगा। लुभावने हिमालयी परिदृश्यों के बीच कौशल और दृढ़ संकल्प का एक दिलचस्प प्रदर्शन होगा। रोड टू हिमालय शिमला चैप्टर बहुप्रतीक्षित 11वें एमटीबी हिमालय शिमला मेगा इवेंट के लिए एक महत्वपूर्ण क्वालीफ ायर राउंड होगा, जो देश में एमटीबी खेल के सम्मानित अग्रदूतों द्वारा 10 मई से 12 मई तक हिमालयन एडवेंचर स्पोर्ट्स टूरिज्म प्रमोशन एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया है। इस आयोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुएए एससीए के अध्यक्ष मोहित सूद ने जोर देकर कहा साइक्लिंग खेल के लिए युवा प्रतिभाओं के साथ-साथ हमारे राज्य में स्थिरता और पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रोड टू हिमालय श्रृंखला न केवल खेल को बढ़ावा देती है परंतु साहसिक और प्रतिस्पर्धी खेल की भावना के साथ.साथ यह शिमला की पहाड़ियों की अद्वितीय सुंदरता को भी प्रदर्शित करता है, जो जिले भर के उत्साही लोगों को आने और भाग लेने के लिए लुभाता है और एमटीबी हिमालय शिमला संस्करण जो मई में होगा में सर्वश्रेष्ठ साइकिल चालकों के खिलाफ दौड़ लगाने का सुनहरा अवसर प्राप्त करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### चांदपुर में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मारकंड के सौजन्य से चांदपुर में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया गया। महिलाओं को जानकारी देते हुए हेल्थ एजुकेटर विजय कुमारी ने बताया कि मातृत्व दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है कि भारत में महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए अपनी नीतियों के साथ इस लक्ष्य को समय से पहले हासिल करने की राह पर लगातार आगे बढ?ा है। उन्होंने सुरक्षित मातृत्व पर जानकारी देते हुए बताया की हर दंपति को परिवार बनाने की प्लानिंग करने के समय से ही महिला को फोलिक एसिड की गोली लेना प्रारंभ कर देना चाहिए ताकि बच्चों में होने वाली कुछ एक अपंगता को दूर किया जा सके। प्रसव स्वास्थ्य सेवाओं तथा धात्री महिलाओं को पोषण परिवार नियोजन के तरीकों तथा बच्चों को एक्सक्लूसिव ब्रेस्टफीडिंग का महत्व व प्रतिपूरक आहार के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के बारे में उन्होंने बताया कि बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों के टीके लगाए जाते हैं जो के निशुल्क और सुरक्षित हैं। स्वास्थ्य सुपरवाइजर रेखा, सीएचओ भारती ने महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान होने वाले जटिलताओं पर विशेष जानकारी दी। कार्यक्रम में रीना कुमारी, निशा, दीक्षा, दीक्षा व सपना ने भाग लिया। इस अवसर पर आशा वर्कर अंजना तथा सरोज सहित 25 अन्य महिलाएं उपस्थित रही।

### पंजावर व हंबोली में दो को निगला जहर, दोनों पीजीआई रेफर

**राजन पुरी**

**ऊना :** जिला ऊना के तहत उपमंडल हरोली के पंजावर व अंब के हंबोली में दो युवकों ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। बिगड़ती तबीयत के चलते दोनों को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लाया गया, जहां से दोनों को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। वहीं पुलिस ने भी मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला उपमंडल हरोली के पंजावर का है, जहां पर अज्ञात कारण के चलते वीरवार रात्रि को 24 वर्षीय नीरज कुमार ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजन उपचार के लिए नीरज को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना लेकर गए, जहां से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। वहीं दूसरा मामला अंब के हंबोली का है, जहां पर जसवीर सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह ने वीरवार रात्रि जहरीला पदार्थ निगल लिया। जसवीर को परिजन क्षेत्रीय अस्ताल ऊना लेकर पहुंचे, जहां से पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों के परिजनों के ब्यान पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पीएचसी शीतला के समीप अवैध शराब सहित एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना :** पुलिस थाना चिंतपूर्णी के तहत पीएचसी शीतला के समीप एक व्यक्ति से अवैध शराब बरामद हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक चिंतपूर्णी पुलिस की टीम वीरवार रात्रि पीएचसी शीतला के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने संजीव कुमार निवासी धर्मशाला महंता की तलाशी के दौरान 10 बोतल अवैध शराब बरामद की। डीएसपी अंब वसूधा सुद ने बताया कि पुलिस **ने संजीव कुमार के खिलाफ अवैध शराब रखने पर आबकारी** अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुराने बस स्टैड़ के समीप सट्टा लगाते एक काबू

**राजन पुरी**

**ऊना :** हमीरपुर रोड़ पर स्थित पुराने बस स्टैंड के समीप पुलिस ने एक व्यक्ति को सट्टा लगाते काबू किया है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम वीरवार रात्रि पुराने बस स्टैंड के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान संदीप कुमार निवासी गलुआ के पास से पर्ची दडड़ा सटटा व 1520 रुपये बरामद किए। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने राकेश कुमार के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### बसोली में अज्ञात बाइक की टक्कर से महिला जख्मी

**राजन पुरी**

**ऊना :** पुलिस थाना ऊना के तहत बसोली में अज्ञात बाइक की टक्कर से महिला जख्मी हुई है। घायल महिला का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में उपचार करवाया गया है। वहीं पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार देर शाम शंभो देवी बसोली बाजार में सडक क्रॉस कर रही थी। इसी दौरान ऊना की ओर से आ रहे तीन-चार बाइक चालकों में से एक ने महिला को टक्कर मार मौके से फरार हो गए। हादसे में घायल शंभो देवी को स्थानीय लोगों की मदद से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भर्ती करवाया गया। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रायपुर सहोड़ा में परिवारिक सदस्यों संग गाली गलोच व मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊना :** पुलिस थाना मैहतपुर के तहत रायपुर सहोड़ा में दो गुटों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रोहित शर्मा निवासी रायपुर सहोड़ा ने बताया कि वीरवार देर शाम अपने घर पहुंचा, तो रास्ते में गांव के ही ऋषि ने मेरा रास्ता रोककर गाली गलोच व मारपीट करना शुरू कर दिया। इस दौरान ऋषि ने अपने हाथ में पकड़े डंडा से हमला कर दिया। इस दौरान मौके पर ऋषि का ताया राम चंद्र से भी मारपीट की। दोनों ने मिलकर मारपीट की। वहीं रामचंद्र का आरोप है कि वीरवार देर शाम गांव के ही राहुल तथा रोहित घर पर आएं और गालियां निकालने लगे। जब गालियां निकालने से मना किया, तो मारपीट की। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से महिला जख्मी, मामला दर्ज

**राजन पुरी**

**ऊना : उपमंडल अंब के तहत मुबारिकपुर में बाइक की टक्कर से महिला जख्मी हुई है।** घायल महिला का अंब अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने हादसे के संदर्भ में बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक वीरवार देर शाम को ऊषा देवी निवासी मुबारिकपुर स्थानीय बाजार में सडक क्रॉस कर रही थी। इस दौरान भंजाल की ओर से आ रहे एक बाइक ने ऊषा देवी को टक्कर मार दी। हादसे में घायल महिला सीएचसी अंब में लाया गया। डीएसपी अंब वसूधा सुद ने बताया कि पुलिस ने हादसे में संदर्भ में बाइक चालक रितिश संदल निवासी देहरा, जिला कांगड़ा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वियतनामी अरबपति ट्रूंग माई लैन को 44 अरब डॉलर की धोखाधड़ी के लिए मौत की सजा

एजेंसी

**हनोई।** वियतनाम में अब तक के सबसे शानदार मुकदमा में, हो ची मिन्ह सिटी की एक अदालत में 67 वर्षीय वियतनामी अरबपति को 11 वर्षों की अवधि में देश के सबसे बड़े बैंकों में से एक को लूटने के लिए मौत की सजा सुनाई। यह दुनिया में अब तक के सबसे बड़े बैंक धोखाधड़ी में से एक है। यह एक दुर्लभ फैसला है और यह वियतनाम की बहुत कम महिलाओं में से एक है जिसे मौत की सजा सुनाई गई है। यह निर्णय चकित करने वाले धोखाधड़ी के स्तर को दर्शाता है। ट्रूंग माई लैन को साइगॉन कमर्शियल बैंक से 44 अरब डॉलर का ऋण लेने का दोषी ठहराया गया। फैसले के अनुसार, उन्हें 27 अरब डॉलर लौटाने होंगे, अभियोजकों ने कहा कि यह राशि कभी भी वसूली नहीं जा सकेगी। हालांकि कुछ लोगों का मानना ??है कि मौत की सज़ा गबन किए गए अरबों में से कुछ वापस लाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक तरीका है।

## रूस ने बड़े पैमाने पर यूक्रेन में किए हमले

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन के पांच क्षेत्रों में रूस ने सुबह बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्री जर्मन गैलुशचेंको ने फेसबुक पर कहा कि पूर्वी खार्किव क्षेत्र, दक्षिणी जापोरीज़िया क्षेत्र, पश्चिमी ल्वीव क्षेत्र और मध्य कीव क्षेत्र में बिजली उत्पादन केंद्रों और ट्रांसमिशन प्रणालियों पर हमला हुआ। खार्किव गवर्नर ओलेग सिनेगुबोव ने कहा कि 10 मिसाइल हमले के बाद, खार्किव क्षेत्र के करीब दो लाख घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। लोगों ने यहां के मेट्रो स्टेशन में शरण ली है। यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके ने रिपोर्ट में कहा कि दो थर्मल पावर प्लांट के उपकरण नष्ट हो गए।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर बताया कि यूक्रेन पर रूस ने 40 से अधिक मिसाइल और करीब 40 ड्रोन हमले किए। स्थानीय गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने टेलीग्राम पर कहा कि इससे पहले, मंगलवार को रूस के पश्चिमी ब्रांस्क क्षेत्र के एक गांव में यूक्रेनी हमले में एक महिला और एक बच्चे की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए।



## ताइवान पर हमला कर सकता है चीनःपूर्व अमेरिकी एडमिरल

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी नौसेना खुफिया के पूर्व प्रभारी एडमिरल ने चेतावनी दी है कि चीन के सैन्य बल ताइवान पर आक्रमण या नाकाबंदी की तैयारी कर रहे हैं और एक दशक से भी कम समय में उनकी तरफ से इस दिशा में कार्रवाई हो सकती है।

'वाशिंगटन पोस्ट' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार नौसेना खुफिया कार्यालय के हाल ही में सेवानिवृत्त कमांडर रियर एडमिरल माइक स्टुडमैन ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब उन्होंने ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन, निर्वाचित उपराष्ट्रपति हसियाओ बी-खिम और वरिष्ठ ताइवानी राष्ट्रीय सुरक्षा और सैन्य नेताओं से मुलाकात की तो इन नेताओं ने इस बात पर चिन्ता व्यक्त की कि चीन इस द्वीप पर आक्रमण करेगा।

## अमेरिका और जापान रक्षा और चंद्र अभियान में सहयोग करेंगे और मजबूत

एजेंसी

**वाशिंगटन/टोक्यो।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने चीन से संभावित खतरे को देखते हुए रक्षा सहयोग को मजबूत करने का फैसला किया है।

बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार अपनी वाशिंगटन यात्रा के दौरान श्री बाइडेन और श्री किशिदा ने इस योजनाओं की घोषणा की। इस विस्तारित वायु रक्षा नेटवर्क में ऑस्ट्रेलिया को शामिल करने की बात कहीं गयी है।विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

## टोक्यो में सोने की प्रदर्शनी से एक सोने का कटोरा चोरी

**टोक्यो।** जापान की राजधानी टोक्यो में पुलिस सोने की प्रदर्शनी से सोने का एक कटोरा चोरी करने वाले शख्स की तलाश में जुटी है, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ येन आंकी गयी है।

क्योदो न्यूज ने शहरी पुलिस विभाग के हवाले से बताया कि स्टोर स्टाफ सदस्य को टोक्यो के निहोम्बाशी ताकाशिमाया शॉपिंग सेंटर में सोने की प्रदर्शनी में जब कटोरा नहीं दिखा, तब उसने 15 मिनट बाद पुलिस को इसकी सूचना दी।

## यूक्रेन में लंबी जद्दोजहद के बाद सेना में अनिवार्य भर्ती संबंधी विवादास्पद कानून को मिली मंजूरी

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन की संसद ने सेना में नये रंगरूट की अनिवार्य भर्ती के तौर-तरीकों को तय करने संबंधी एक विवादास्पद कानून को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। इसके प्रारंभिक मसौदे को कानून बनने में कई महीनों का विलंब हुआ और इसके प्रावधानों को नरम बनाने के लिए कई संशोधन सौंपे गये ।

सांसदों ने भी इस कानून को लेकर लंबे समय तक उदासीन रवैया अपनाया हुआ था क्योंकि इसके अलोकप्रिय रहने का अनुमान था। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने दिसंबर में कहा था कि यह कानून यूक्रेन की सेना के अनुरोध के कारण लाया गया है जो 500,000 से अधिक सैनिकों को जुटाना चाहती है। यह कानून पूर्व सेना कमांडर वालेरी जालुझनी के अनुरोध पर तैयार किया गया है जिन्होंने कहा था कि सेना के विभिन्न रैंकों को मजबूत बनाने के लिए 5,00,000 नई भर्तियों की जरूरत है। यूक्रेन के खिलाफ रूस के हमले के बाद देश में अग्रिम मोर्चे पर सैनिकों की कमी हो गई है। नए कानून के मसौदे पर यूक्रेन वासियों ने अधिक दिलचस्पी नहीं दिखाई। यह कानून ऐसे समय में पारित हुआ है जब यूक्रेन की ऊर्जा अवसंरचना हालिया सप्ताह में रूस के हमलों में तबाह हो चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि रात भर होने वाले रूस के मिसाइल और ड्रोन हमलों ने कई क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे और बिजली संयंत्रों को फिर से निशाना बनाया और कीव क्षेत्र में सबसे बड़े बिजली उत्पादन केंद्र ट्रिपिलस्का ताप बिजली घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

इस कानून के बाद यूक्रेन के प्राधिकारियों के अधिकारों में वृद्धि होगी जिससे वर्तमान व्यवस्था में कई बदलाव होंगे। निवर्तमान सेना प्रमुख अलेक्जेंडर सिरस्की और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ऑडिट करने के बाद आंकड़ों की समीक्षा की और कहा कि आवश्यक संख्या उतनी अधिक नहीं है क्योंकि सैनिकों की क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्था की जा सकती है।कहा जाता है कि अनिवार्य सैन्य भर्ती के मुद्दे पर जालुझनी को पद से बर्खास्त किया गया था। कानून पर संसद में मतदान होने से पहले रक्षा मामलों की समिति ने मंगलवार को मसौदे से एक अहम प्रावधान को हटा दिया था। यह प्रावधान, युद्ध मोर्चे पर तैनाती के 36 माह बाद सैनिकों को पुनः सेवा में भेजना सुनिश्चित करता था। इस प्रावधान को हटाए जाने से कई सांसदों को आश्चर्य हुआ क्योंकि यह यूक्रेनी नेतृत्व का वादा था।

## जर्मनी नवीनतम सिनेगॉग हमले की जानकारी के लिए नकद इनाम की पेशकश किया

**बर्लिन।** जर्मन पुलिस ने इनाम की पेशकश की और संभावित गवाहों से पिछले हफ्ते उत्तरी शहर ओल्डेनबर्ग में एक आराधनालय पर आगजनी के हमले के संबंध में जानकारी देने के लिए कहा। पुलिस 5,000 यूरो (5,364) की पेशकश कर रही है और जनता से एक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संभावित गवाह खाते जमा करने का आह्वान किया है।

किसी अज्ञात व्यक्ति ने आराधनालय पर एक विस्फोटक उपकरण फेंका, जिससे मामूली क्षति हुई। उस समय वहां कोई कार्यक्रम नहीं हो रहा था और कोई भी घायल नहीं हुआ था। अपराधी भाग गया.

ओल्डेनबर्ग पुलिस प्रमुख एंड्रियास सेजहॉर्न ने एक बयान में कहा, पिछले हुए जघन्य कृत्य ने पूरे देश में घबराहट पैदा कर दी है, लेकिन यहूदी समुदाय के साथ बड़ी एकजुटता भी पैदा हुई है। हम अब



मामले को सुलझाने में मदद के लिए जनता के सहयोग पर भरोसा कर रहे है। पुलिस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुरक्षा कैमरों, निजी छवियों या कार के डैशबोर्ड कैमरों से ली गई तस्वीरों और वीडियो में अपराधी को घटना की ओर जाते हुए कैद किया जा सकता है।

सेजहॉर्न ने कहा, हर संकेत मायने रखता है। कोई भी वह व्यक्ति हो सकता है जो बदलाव लाता है।

7 अक्टूबर को इजराइल में हमास के हमले और उसके बाद गाजा में युद्ध के बाद से जर्मनी में यहूदी विरोधी अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। अक्टूबर में बर्लिन के एक आराधनालय में मोलोटोव कॉकटेल फेंका गया था।

## ट्रूडो ने कनाडा के चुनावों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर सुनवाई के दौरान निज्जर का मुद्दा उठाया

एजेंसी

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि सरकार कनाडा के सभी लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए खड़ी है। इसके साथ ही ट्रूडो ने पिछले साल खालिस्तानी सिख अलगाववादी की हत्या के मुद्दे को भी उठाया। ट्रूडो ने कनाडा की चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेप के संबंध में की जा रही जांच में बुधवार को एक समिति के समक्ष गवाही दी। उन्होंने यह भी कहा कि कनाडा की पिछली सरकार की भारत सरकार के साथ ''निकटता'' थी।

स्थानीय मीडिया द्वारा साझा किए जा रहे 'लाइव-स्ट्रीमिंग' वीडियो के अनुसार ट्रूडो ने 2019 और 2021 के चुनावों के दौरान विदेशी हस्तक्षेप को लेकर खुफिया जानकारी मिलने के बाद सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए यह टिप्पणी की। पिछले साल 18 जून को सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी



गई थी। ट्रूडो द्वारा निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की ''संभावित'' संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को ''बेतुका'' और ''प्रेरित'' बताते हुए पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। अपनी गवाही के दौरान ट्रूडो ने राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया सलाहकार की भूमिका, खुफिया जानकारी मिलने के बाद की गई कार्रवाई के बारे में भी बताया। उन्होंने चीन मूल के कनाडाई नागरिकों और चीन के प्रभाव के बारे में भी उल्लेख किया।वर्ष 2019 के चुनाव के तीन महीने बाद मिली एक खुफिया रिपोर्ट के बारे में भी ट्रूडो ने बात की। उन्होंने कहा, हम कनाडा के लोगों के लिए हमेशा खड़े हुए हैं, जिसमें निज्जर की हत्या का बेहद गंभीर मामला भी शामिल है। मैंने संसद में यह मुद्दा उठाया था। यह कनाडा के लोगों के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।ट्रूडो ने विदेशी हस्तक्षेप के बारे में सरकार द्वारा कुछ नहीं किए जाने संबंधी आरोपों को तवज्जो नहीं दी। प्रधानमंत्री ने जांच समिति को विदेशी हस्तक्षेप से निपटने के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी दी।ट्रूडो ने कहा, मुझे लगता है कि यह निश्चित रूप से एक सवाल है जो पिछली कंजर्वेटिव सरकार से पूछा जाना चाहिए जो भारत की वर्तमान सरकार के साथ अपने बहुत मधुर संबंधों के लिए जानी जाती थी।

## यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को लेकर स्विट्जरलैंड की पहल का किया स्वागत

एजेंसी

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ ने यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन की मेजबानी




करने के लिए स्विट्जरलैंड की पहल का स्वागत किया है और इसमें भाग लेने की योजना बना रहा है। यूरोपीय आयोग की विदेश मामलों की प्रवक्ता नबीला मासराली ने यह जानकारी दी। सुश्री मासराली ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम यूक्रेन में शांति बहाली के लिए उच्च स्तरीय सम्मेलन कराने के लिए स्विट्जरलैंड की ओर से तारीख की घोषणा किये जाने का स्वागत करते हैं... जहां तक ??यूरोपीय संघ की भागीदारी की बात है, मैं अभी तक पुष्टि नहीं कर सकता कि इस आयोजन में यूरोपीय संघ का प्रतिनिधित्व कौन करेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ भाग लेने में खुश होगा।

## जापान के प्रधानमंत्री ने कांग्रेस से कहा, यूक्रेन के अस्तित्व के लिए अमेरिकी समर्थन महत्वपूर्ण

एजेंसी

**वाशिंगटन।** जापान के प्रधान मंत्री ने अमेरिकी सांसदों को बताया कि यूक्रेन अमेरिकी समर्थन के बिना रूस के हमले के तहत ढहने का जोखिम उठा रहा है, एक ऐसी आपदा जो चीन को प्रोत्साहित कर सकती है और पूर्वी एशिया में एक नया संकट पैदा कर सकती है। नौ वर्षों में किसी जापानी नेता द्वारा अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक में दिए गए पहले भाषण में, फुमियो किशिदा ने अमेरिकियों से विश्व मामलों में अपनी अनिवार्य भूमिका पर संदेह न करने का आग्रह किया, और कहा कि टोक्यो अपने सहयोगी का समर्थन करने के लिए ऐतिहासिक सैन्य उन्नयन कर रहा है। यूक्रेन के लिए 60 अरब डॉलर की सहायता के लिए राष्ट्रपति जो बिडेन का अनुरोध हफ्तों से रुका हुआ है क्योंकि रिपब्लिकन हाउस के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने 5 नवंबर के राष्ट्रपति चुनाव से पहले उस मुद्दे पर मतदान की अनुमति देने से इनकार कर दिया है जिसने विभाजन का बीज बोया है। किशिदा ने कहा, -मैं उन अमेरिकियों को संबोधित करना चाहता हूं जो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को कायम रखने वाले देश होने के कारण अकेलापन और थकावट महसूस करते हैं।संयुक्त राज्य अमेरिका का नेतृत्व अपरिहार्य है। अमेरिकी समर्थन के बिना, मॉस्को के हमले के तहत यूक्रेन की उम्मीदें कब तक ढह जाएंगी? संयुक्त राज्य अमेरिका की उपस्थिति के बिना, इंडो-पैसिफिक को और भी कठोर वास्तविकताओं का सामना करने में कितना समय लगेगा?अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा की संयुक्त बैठकों के संबोधन आम तौर पर निकटतम अमेरिकी सहयोगियों या प्रमुख विश्व हस्तियों के लिए आरक्षित होते हैं, जो आम तौर पर साल में एक या दो बार से अधिक नहीं होते हैं। आखिरी बार इजरायली राष्ट्रपति इसहाक हर्जोग ने 19 जुलाई, 2023 को किया था।

29 अप्रैल, 2015 को शिंजो आबे के बाद संयुक्त बैठक को संबोधित करने वाले किशिदा दूसरे जापानी प्रधान मंत्री हैं। उनकी टिप्पणियों को कई बार खड़े होकर तालियों से रोका गया, खासकर जब उन्होंने न्यूयॉर्क में बिताए अपने बचपन के वर्षों को याद किया। किशिदा ने कहा कि दुनिया एक ऐतिहासिक मोड़ पर है, स्वतंत्रता और लोकतंत्र खतरे में है, उभरते देशों के पास अधिक आर्थिक शक्ति है और जलवायु परिवर्तन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में तेजी से प्रगति लोगों के जीवन को बाधित कर रही है। उन्होंने उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम और यूक्रेन में रूस के युद्ध का समर्थन करने वाली मिसाइलों के निर्यात के बारे में भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, लेकिन दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती चीन से आती है।उन्होंने कहा, चीन का मौजूदा बाहरी रुख और सैन्य कार्रवाइयां न केवल जापान की शांति और सुरक्षा के लिए बल्कि बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शांति और स्थिरता के लिए एक अभूतपूर्व और सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती पेश करती हैं।

आज का यूक्रेन कल का पूर्वी एशिया हो सकता है। जापान ने अपने द्वीपों और पड़ोसी ताइवान के करीब चीनी सैन्य गतिविधि के बारे में लगातार चिंता जताई है। ताइवान, जिस पर चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है, ने रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद से अपना अलर्ट स्तर बढ़ा दिया है, इस संभावना से सावधान कि बीजिंग द्वीप पर भी इसी तरह का कदम उठा सकता है, हालांकि उसने ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है कि ऐसा होने वाला है।

## मेरिका हर परिस्थिति में इजरायल के समर्थन में हैः जो बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि अगर ईरान अपने दूतावास पर इजरायली हमले का जवाब देता है तो अमेरिका इजरायल का दृढ़ता से समर्थन देने का वादा करता है। श्री बाइडेन ने चेतावनी दी कि इजरायल द्वारा सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के बाद ईरान इजरायल पर हमला करने की धमकी दे रहा है। उन्होंने कहा, इजरायल की सुरक्षा के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

## परिवार के 7 लोगों की हत्या, आर्थिक तंगी से परेशान शख्स बना खूनी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में अब आम जनता परिवार खत्म करने तक पर उतारू हो गई है। ताजा घटना में एक शख्स ने अपने 7 बच्चों और बीवी पर कुल्हाड़ी चला दी। सभी की मौके पर ही मौत हो गई। कहा जा रहा है कि आरोपी शख्स ने आर्थिक परेशानियों और भोजन की कमी के चलते यह कदम उठाया है। खबरें आती रही हैं कि पाकिस्तान में दवा-भोजन जैसी बुनियादी चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की है। पुलिस ने जानकारी दी है कि आरोपी शख्स सज्जाद खोखर ने पत्नी के साथ 7 नाबालिग बच्चों को भी मौत के घाट उतार दिया है। खबर है कि आरोपी आर्थिक मुद्दों के चलते काफी परेशान रहता था और पत्नी से झगड़ा भी किया करता था। फिलहाल, उसे गिरफ्तार कर




लिया गया है। मरने वालों में खोखर की 42 वर्षीय पत्नी कौसर, चार बेटियां और तीन बेटों का नाम शामिल है। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, खोखर ने कुल्हाड़ी से सभी को मार दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने बताया है कि उसने गुनाह भी कुबूल कर लिया है और यह दावा किया है कि उसने ऐसा इसलिए किया, क्योंकि वह बच्चों को आगे और भोजन नहीं करा सकता था।

## पाकिस्तान का आर्थिक दृष्टिकोण अनिश्चित, नकारात्मक पक्ष पर ज्यादा जोखिम : एडीबी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने कहा है कि पाकिस्तान का आर्थिक परिदृश्य अनिश्चित बना हुआ है और इसमें गिरावट का जोखिम ज्यादा है। एडीबी ने कहा, राजनीतिक अनिश्चितता जो व्यापक आर्थिक नीति-निर्माण को प्रभावित करती है, स्थिरीकरण और सुधार प्रयासों की स्थिरता के लिए एक प्रमुख जोखिम बनी रहेगी। बाहरी मोर्चे पर मध्य पूर्व में संघर्ष बढ़ने से आपूर्ति श्रृंखला में संभावित व्यवधान से अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा। पाकिस्तान की बड़ी बाहरी वित्तपोषण जरूरतों और कमजोर बाहरी बफर्स के साथ बहुपक्षीय और द्विपक्षीय भागीदारों से संवितरण महत्वपूर्ण बना हुआ है। हालांकि, एडीबी ने अपने दृष्टिकोण में कहा कि नीति कार्यान्वयन में खामियों के कारण ये प्रवाह बाधित हो सकता है। एडीबी ने



कहा कि मध्यम अवधि के सुधार एजेंडे के लिए आईएमएफ के समर्थन से बाजार की धारणा में काफी सुधार होगा और अन्य स्रोतों से किफायती बाहरी वित्तपोषण को बढ़ावा मिलेगा।

एडीबी ने यह भी कहा कि पाकिस्तान की प्रगति वित्तवर्ष 2024 में धीमी रहने और वित्तवर्ष 2025 में बढ़ने का अनुमान है, बशर्ते आर्थिक सुधार प्रभावी हों। वित्तवर्ष 2024 में वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 1.9 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है, जो सुधार उपायों पर प्रगति और एक नई व अधिक स्थिर सरकार में परिवर्तन से जुड़े निजी क्षेत्र के निवेश में उछाल से प्रेरित है। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बाढ़, राजनीतिक अनिश्चितता और बाहरी समर्थन बाधित होने के कारण सिकुड़ गई। इस कारण सार्वजनिक निवेश में गिरावट आई और निजी निवेश व उद्योग सिकुड़ गए। एडीबी ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान और मुद्रा मूल्यह्रास के कारण खाद्य और ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति पांच दशक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।

## जनवरी 2024 से विभिन्न आतंकवाद विरोधी अभियानों में कम से कम 88 आतंकवादी 'मारे गए'

**खैबर पख्तूनख्वा।** आतंक में वृद्धि के बीच, खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) अख्तर हयात खान ने कहा कि 1 जनवरी, 2024 से विभिन्न आतंकवाद विरोधी अभियानों में 88 आतंकवादी मारे गए हैं। जियो न्यूज के लिए, उनका बयान ऐसे समय में आया है जब खैबर पख्तूनख्वा के साथ-साथ देश का दक्षिण-पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान लगातार आतंकवादियों के हमले का शिकार बना हुआ है, जिसमें हाल के महीनों में नागरिक सुरक्षा खतरों के प्रति संवेदनशील हो गए हैं। जियो न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि खुफिया-आधारित अभियानों (आईबीओ) के जरिए आतंकवादियों का पीछा करना जारी रहेगा।

## 135वां चीनी आयात-निर्यात मेला आयोजित होगा

**बीजिंग ।** 135वां चीनी आयात और निर्यात मेला (कैंटन मेला) 15 अप्रैल से 5 मई तक ग्वांगझू में तीन चरणों में आयोजित होगा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पूरे साल नियमित रूप से संचालित होता है। अब सभी तैयारी सुचारू ढंग से चल रही है। बताया जाता है कि वर्तमान मेले का क्षेत्रफल 15 लाख 50 हजार वर्ग मीटर है और 74 हजार मंडप स्थापित होंगे। 50 देशों और क्षेत्रों के 29 हजार से अधिक उद्यम मेले में भाग लेंगे, जो इतिहास में एक नया रिकॉर्ड है। इन उद्यमों में निर्यात कंपनियों की संख्या 28 हजार 600 है और आयात



कंपनियों की संख्या 680 है। 4,300 से अधिक उद्यम पहली बार मेले में हिस्सा लेंगे। वर्तमान मेले में राष्ट्रीय उच्च तकनीक उद्यमों, श्रेष्ठ निर्माण उद्यमों और विशेष छोटे नए उद्यमों की संख्या 5,500 से अधिक है, जो पिछले मेले की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। अनुमान है कि मेले में 10 लाख नए उत्पाद प्रदर्शित होंगे।

इनमें हरित उत्पादों और स्वतंत्र बौद्धिक संपदा अधिकार वाले उत्पादों की संख्या अलग-अलग तौर पर 4 लाख 50 हजार और 2 लाख 50 हजार से ज्यादा होगी, जो दोनों पिछले मेले से अधिक हैं। आंकड़ों के अनुसार कैंटन मेले की स्थापना के बाद से अब तक 93 लाख से अधिक विदेशी व्यापारियों ने मेले में भाग लिया है। वैश्विक भागीदारों की संख्या 195 तक पहुंच गयी है। इससे चीन और विभिन्न देशों व क्षेत्रों के बीच व्यापारिक आदान-प्रदान और मित्रवत आवाजाही बढ़ी है।

## ताइवान ने देश भर में 14 चीनी सैन्य विमानों, छह नौसैनिक जहाजों का पता लगाया

एजेंसी

**ताइपे।** ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा कि उसने सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) से सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) के बीच ताइवान के आसपास 14 चीनी सैन्य विमानों और छह नौसैनिक जहाजों का पता लगाया। ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) के अनुसार, 14 चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) विमानों में से दो ने ताइवान स्ट्रेट मध्य रेखा को पार कर लिया। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआईजेड) के दक्षिण-पश्चिम और दक्षिण-पूर्व कोनों में चार विमानों को ट्रैक किया गया था। चीन की गतिविधि के बाद, ताइवान ने चीनी गतिविधि पर नज़र रखने के लिए विमान, नौसैनिक जहाज और वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली तैनात की। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल में अब तक ताइवान ने 71 बार चीनी सैन्य विमानों और 63 बार नौसैनिक जहाजों का पता लगाया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने कहा, 'ताइवान के आसपास सक्रिय 14 पीएलए विमान और 6 पीएलएएन जहाजों का आज सुबह 6 बजे (यूटीसी-8) तक पता चला। 6 विमान मध्य रेखा को पार कर गए। ताइवान जलडमरूमध्य और ताइवान के SW और पूर्वी ADIZ में प्रवेश किया। सितंबर 2020 से, चीन ने ताइवान के आसपास परिचालन करने वाले सैन्य विमानों और नौसैनिक जहाजों की संख्या में वृद्धि करके ग्रे ज़ोन रणनीति का उपयोग बढ़ा दिया है। ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रे ज़ोन रणनीति स्थिर-राज्य निरोध और आश्वासन से परे प्रयासों की एक श्रृंखला या प्रयास है जो बल के प्रत्यक्ष और बड़े उपयोग के बिना किसी के सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास करती है।

